

## आंधी-तूफान से फसलों को भारी नुकसान, जनप्रतिनिधियों ने किया दौरा

**तूफान से प्रभावित खेतों का अर्चना चिटनिस ने किया दौरा**

**फसलों को हुए नुकसान का निरीक्षण कर प्रशासनिक अधिकारियों को दिए निर्देश**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने प्रशासनिक अमले के साथ 27 मई 2025 की शाम को बुरहानपुर क्षेत्र में आए आंधी.तूफान से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर किसानों से मुलाकात की तथा खेतों में जाकर क्षतिग्रस्त फसलों का निरीक्षण किया।

चिटनिस ने उच्चाधिकारियों से चर्चा कर आंधी.तूफान से प्रभावित क्षेत्रों के खेतों में फसलों का आंकलन करने की बात कही और किसानों को आश्वासन दिया कि नुकसान की भरपाई हेतु वह हर संभव मदद करेंगी। इस दौरान चिटनिस के साथ अनेक जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीण व कृषकगण मौजूद रहे।

अर्चना चिटनिस ने ग्राम रायगांव, नीमगांव, फोफनार, बख्खारी, खामनी एवं शाहपुर सहित अन्य ग्रामों में पहुंचकर किसानों से चर्चा की तथा खेतों में जाकर आंधी.तूफान एवं वर्षा से फसलों को हुए नुकसान का जायजा लिया। चिटनिस ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा की तथा अधिकारियों को खेतों में जाकर आंधी.तूफान से हुए नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए सतत् प्रयास कर आरबीसी 6/4 के अंतर्गत क्षतिपूर्ति मुआवजा मिले यह सुनिश्चित करेंगी।

चिटनिस ने कहा कि केला फसल इतनी संवेदनशील फसल है कि एक बार पेड़ हिल जाए तो भी ग्रोट रूक जाती है और वह क्षतिग्रस्त हो जाता है।

फसलें तो तेज हवा एवं तूफान के कारण आड़ी गिर गई है, जमीन पर सो गई है। जो पेड़ जमीन पर सो गए है वे भी मृत है और जो पेड़ खड़े तो दिख रहे है परंतु वे भी मृतप्राय है जो दो.चार दिवस में समाप्त हो जाएगा।

सर्वे दल खोड ;केले का पौधाद्ध की गणना न करते हुए अनिवार्य रूप से प्रतिशत में क्षतिपूर्ति का आंकलन करें। किसानों की हितैषी भाजपा सरकार द्वारा 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर 2 लाख रूपए प्रति हेक्टेयर मुआवजे का प्रावधान किया गया है।

**अर्चना चिटनिस के निर्देश के बाद प्रात:से खेतों में पहुंचे सर्वे दल**

विधायक अर्चना चिटनिस को 27 मई की शाम को क्षेत्र में आए आंधी.तूफान एवं बारिश से हुए नुकसान की सूचना प्राप्त हुई तो वैसे ही श्रीमती चिटनिस ने कलेक्टर बुरहानपुर से चर्चा कर प्राकृतिक आपदा से प्रभावित खरीफ फसल का सर्वे करने हेतु तत्काल दल गठित का प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे करने हेतु निर्देश दिए थे। कलेक्टर द्वारा तत्काल सर्वे दल गठित किया गया और प्रात: से ही सर्वे दल नुकसानग्रस्त क्षेत्रों में पहुंचे।

निरीक्षण के दौरान चिटनिस के साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, एसडीएम पल्लवी पौराणिक, तहसीलदार नितीन चौहान, गोविंदसिंह रावत, किशोर पाटिल, नितीन महाजन, दिवाकर कोली, देवानंद पाटिल, बाडु मसाने, सुनिल सपकाले, जयेश राउत, शुभम जैन एवं अतुल महाजन सहित अनेक जनप्रतिनिधि व कृषकगण उपस्थित रहे।

### फसलों के नुकसान का जीपीएस पद्धति से हो सर्वे



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मंगलवार शाम चली तेज हवा व बारिश से जिले के ग्राम नीमगांव, रायगांव, बखारी, शाहपुर, निंबोला सहित आधा दर्जन गॉवों के खेतों में केला फसल जमींदोज हो गई है। बुधवार को भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील प्रशासनिक अधिकारियों व किसानों के साथ खेतों में पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उनके द्वारा जिला प्रशासन से मांग की गई की फसलों के नुकसान का सर्वे जीपीएस पद्धति से किया जाये जिससे सटीक और समयबद्ध तरीके से नुकसान का आकलन हो पायेगा। उल्लेखनीय है कि जिले में प्राकृतिक आपदा से किसानो की फसलों को बड़े पैमाने में नुकसान हो रहा है।

**सांसद ने मुख्यमंत्री को वस्तु स्थिति से कराया अवगत:**-मंगलवार को इसकी जानकारी लगते ही खंडवा सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील द्वारा जिला कलेक्टर श्री हर्ष सिंह से दूरभाष पर चर्चा कर सर्वे दल गठित करने हेतु कहा था। इसके बाद जिला कलेक्टर द्वारा दल गठित कर दिया गया है। बुधवार सुबह से प्रशासनिक दल द्वारा खेतों में पहुंचकर नुकसान का सर्वे शुरू कर दिया गया है। भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने आंधी तूफान से प्रभावित हुई केला फसल वाले गांवो में किसानों के साथ खेतों में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा सांसद श्री पाटील को वस्तु स्थिति सेअवगत कराया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ .मनोज माने ने प्रभारी मंत्री एवं कृषि मंत्री को सौंपा पत्र

**कहा-आंधी .तूफान से प्रभावित क्षेत्रों के किसानों की फसलों का सर्वेकर जल्द करे मुआवजा भुगतान।**



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** 27 मई 2025 की शाम को बुरहानपुर क्षेत्र में आए आंधी.तूफान से जिले के ग्राम रायगांव, नीमगांव, फोफनार, बख्खारी, खामनी एवं शाहपुर सहित अन्य ग्रामों में अनेक क्षेत्रो में किसानों की केला फसलो को भारी नुकसान पहुॅचा है। इसकी जानकारी मिलते ही भोपाल प्रवास पर चल रहे भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने द्वारा जिले के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट एवं कृषि मंत्रीइंदलसिहजी कंसाना से मुलाकात कर बुरहानपुर जिले के किसानो को हुवें फसलो के नुकसान पर उन्हे मुआवजा दिए जाने हेतु शासकिय अधिकारीयों एवं राजस्व अमले को मैदानी क्षेत्र में भेजकर सर्वे कराने एवं उन्हे मुआवजा दिलाए जाने का अनुरोध करते हुवें पत्र सौपा। मंत्री द्वय द्वारा तत्काल कलेक्टर हर्षसिह बुरहानपुर को उपरोक्त पत्र फारवर्डकर कार्यवाही करने निर्देश दिए।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानो के हित में कार्य करने वाली सरकार है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादवजी एवं क्षेत्र के हमारे जनप्रतिनिधी भी सतत स्थिति का दौराकर किसानो के साथ कदम से कदम मिलाकर उन्हे हरसंभव मदद दिलाने में लगे है, किसानो को आपदा के अवसर पर घबराने की जरूरत नही है। आपने किसान भाइयों को विश्वास दिलाया कि संकट की इस घड़ी में हमारी सरकार आपके साथ है। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला सह मिडिया प्रभारी राकेश पुर्वे द्वारा दी गई।

## सांसद ने किसान भाइयों को दिलाया विश्वास संकट की इस घड़ी में आपके साथ है हमारी सरकार



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर। आज आंधी .तूफान और बारिश से शाहपुर सहित कई ग्रामीण क्षेत्रो के खेतों में फसलो को नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी लगते ही खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने जिला कलेक्टर हर्ष सिंह से दुरभाष पर चर्चा कर सर्व दल गठित करने के लिए कहा जिला कलेक्टर ने दल का गठन कर दिया है। सांसद पाटील ने क्षेत्रीय किसान भाइयों को विश्वास दिलाया कि संकट की इस घड़ी में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली प्रदेश भाजपा सरकार आपके साथ खड़ी है। सर्वे के बाद जल्द से जल्द किसान भाइयों को मुआवजा मिले यह हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## महिलाओं के नेतृत्व कौशल विकास हेतु कार्यशाला

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती अंतर्गत बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में ग्रामीण महिलाओं के नेतृत्व कौशल विकास हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ हुआ।



कार्यक्रम में लोकमाता देवी अहिल्याबाई जी के जीवन पर आधारित विडियों फिल्म दिखाई गयी। विधायक श्रीमति अर्चना चिटनीस ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा किए लोकमाता देवी अहिल्याबाई के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके संकल्पों को अपनाते हुए महिलाएं अपने जीवन में आगे बढ़े। जिला पंचायत सीईओ सुश्री लता शरणागत ने कार्यशाला के उद्देश्य को विस्तृत रूप से बताया। वहीं इतिहासकार कमरूद्दीन फलक ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई जी के जीवन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित स्व सहायता समूह की दीदीयों ने आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद अपने जीवन में आये बदलाव एवं महिला सशक्तिकरण पर अपने. अपने अनुभव सांझा किये। होमगार्ड कमांडेण्ड श्रीमति मीनाक्षी चौहान ने आपदा प्रबंधन एवं बचाव को लेकर जरूरी बातें बतलाई। इसी कड़ी में विधिक सहायता अधिकारी सुश्री अनुपमा मुजाल्दे ने महिलाओं के अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन नशामुक्ति शपथ के साथ किया गया।

## ग्राम पंचायत देड़तलाई में एचआईवी का शिविर



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के निर्देश अनुसार एवं बुरहानपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश सिसोदिया जी के आदेश अनुसार एवं बुरहानपुर जिले का एड्स विभाग का नोडल अधिकारी डॉ आशुतोष जोशी के मार्गदर्शन में बुधवार को ग्राम पंचायत देड़तलाई में इंटीग्रेटेड हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया था कैम्प में एचआईवी, सिपफलिस, हेपेटाइटिस बीध्सी जैसी गंभीर बीमारियों की जांच की गई स सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खकनार हॉस्पिटल के एड्स परामर्शदाता हरलाल सिसोदिया ने बताया की कैम्प में कुल 74 हितग्राहियों की जांच की गई। जिनमें 34 पुरुष और 40 महिलाएं शामिल थी। कैम्प में आए सभी लोगों को एचआईवी/एड्स से बचाव, फैलने के प्रमुख कारण एलक्षण, उपचार, रोकथाम आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। एड्स परामर्शदाता हरलाल सिसोदिया द्वारा बताया गया की अगर हम सही समय पर इन गंभीर बीमारियों की जांच करवा ली है सरकारी हॉस्पिटल खकनार में इन गंभीर बीमारियों की नि:शुल्क जांच की जाती है और रिपोर्ट पॉजिटिव आ भी जाए तो हमें घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

इस कैम्प का संचालन खकनार हॉस्पिटल के आईसीटीसी एड्स विभाग का परामर्शदाता श्री सिसोदिया ने किया। खकनार हॉस्पिटल के लैब टेक्निशियन अनिल चौहान ने सैंपल प्राप्त किया एवं जांच की गई स साइंस हाउस संस्था से बादल चौहान ने टीबी के सैंपल प्राप्त किए।

## त्रिशताब्दी वर्षगांठ का समापन समारोह : जिला स्तरीय कार्यक्रम ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई जी की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित त्रिशताब्दी वर्षगांठ का समापन समारोह अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम 31 मईए 2025 को दोपहर 12 बजे से परमानंदजी गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु सीईओ जिला पंचायत सुश्री लता शरणागतए अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान को नोडल अधिकारी एवं एसडीएम बुरहानपुर श्रीमति पल्लवी पुराणिक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं के लिये कार्य.दायित्व सौंपे हैं।

## रोजगार मेला 5 जून को

**बुरहानपुर।** जिला पंचायत बुरहानपुर में 5 जूनए 2025 दिन गुरूवार को प्रात: 11 बजे से रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। ईच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेला का लाभ ले सकते है।

## ग्राम इच्छापुर के सनसनीखेज अपराध में आरोपिया अलका मराठा को आजीवन कारावास



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शाहपुर के वर्ष 2021 के अपहरण एवं हत्या के चिन्हित सनसनीखेज अपराध में माननीय सत्र न्यायालय जिला बुरहानपुर द्वारा आरोपिया अलका पति सुनील मराठा उम्र 31 साल निवासी इच्छापुर को आजीवन कारावास एवं 7000 रु के अर्थदण्ड से दंडित किया।

थाना शाहपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इच्छापुर में दिनांक 23/12/21 को नाबालिक बालिका निवासी इच्छापुर का अपहरण कर बालिका कि हत्या कर एक खण्डहर कुए में बोरी में भरकर फेक दिया था। फरियादी दिलीप पिता कैलाश बोदड़े उम्र 35 साल निवासी इच्छापुर कि रिपोर्ट पर से थाना शाहपुर पर अपराध क्रमांक 1202/2021 धारा 363, 302, 201 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपिया अलका पति सुनील मराठा उम्र 31 साल निवासी इच्छापुर को गिरफ्तार किया गया था। विवेचना के दौरान विवेचक द्वारा साक्ष्य संकलन कर दिनांक09/04/2022 को अभियोग पत्र माननीय न्यायालय बुरहानपुर में पेश किया था।

उक्त अपराध में आरोपीया अलका पति सुनील मराठा उम्र 31 साल निवासी इच्छापुर जिला बुरहानपुर को माननीय न्यायालय श्रीमती आशिता श्रीवास्तव जिला सत्र न्यायाधीश महोदय बुरहानपुर द्वारा दिनांक 27/05/2025 को धारा 363,302, 201 भादवि में आजीवन कारावास एवं 7000 रु के अर्थदण्ड से दंडित किया। थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अपराध की विवेचना के क्रम मे विवेचक द्वारा बड़ी ही मेहनत एवं लगन से साक्ष्य विश्लेषण श्रंखला बद्ध तरीके से कड़ी से कड़ी जोड़कर विवेचना कर उत्तम व्यवसायिक दक्षता पूर्ण विवेचनातात्कालिन थाना प्रभारी शाहपुर निरीक्षक गिरवरसिंह जलोदिया द्वारा की गई थी। थाना शाहपुर पुलिस की तत्परता एवं सजगता के साथ जांच करते हुए पर्याप्त साक्ष्य एकत्र किए गए, जिससे अभियोजन टीम द्वारा पक्ष को न्यायालय में प्रभावी ढंग से पक्ष रखने में मदद मिली। एवं प्रकरण में शासन की ओर से सफलतापूर्वक पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्याम देशमुख द्वारा की गई।

### अधिकारीयो की बैठक

**नगर निगम से होने वाले निर्माणाधीन विकास कार्यों और आगामी मानसून के पूर्व तैयारियों के संबंध में विभागीय अधिकारीयो की बैठक**

## मानसून से पहले सभी नालों और जल निकासी व्यवस्था की सफाई की जाए : महापौर



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नगर निगम से होने वाले निर्माणाधीन विकास कार्यों और आगामी मानसून के पूर्व तैयारियों के संबंध में आज नगर निगम के एम आई सी हॉल में विभागीय अधिकारीयो की बैठक हुई। अखिल भारतीय राष्ट्रीय महापौर परिषद अध्यक्ष बुरहानपुर निगम महापौर माधुरी अतुल पटेल, पुर्व महापौर अतुल पटेल ने ली। इसमें नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त, इंजीनियर सिविल, चीफ इंजीनियर भी उपस्थित रहे। महापौर ने विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से उनके विभागीय कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने विशेष रूप से आगामी मानसून सत्र को ध्यान में रखते हुए ड्रेनेज सिस्टम, जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान और उनकी समय पर सफाई पक्की करने पर जोर दिया। महापौर ने कहा कि मानसून से पहले सभी नालों और जल निकासी व्यवस्था की पूरी तरह से सफाई की जाए। इससे शहर में जलभराव की समस्या नहीं होगी। शहरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होए उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे फील्ड में जाकर किए जा रहे कार्यांकी निगरानी करें। कहीं भी लापरवाही मिलने पर त्वरित कार्रवाई करें। पिछले वर्ष कई वार्डो में दूषित जलप्रदाय हो रहा था इससे कई बीमारियां उत्पन्न हुई थी सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वार्डो में जाकर निरीक्षण करें शुद्ध पेयजल आपूर्ति तथा अच्छा जल वार्ड वासियों को नियमित मिले इसके लिए विशेष ध्यान दें और वार्डों में निरंतर मॉनिटरिंग करे।

वर्षा काल में तपती नदी में अचानक भारत के परिणाम स्वरुप निकले किनारो पर स्थित नागरिकों की आवाज में पानी के प्रवेश से उनका जीवन संकट में पड़ जाता है जिससे कि व्यवस्था हो जाती है बाढ़ आपदा राहत कार्य में लगे सभी अधिकारी कर्मचारियों को बताया कि आपदा की स्थिति कभी भी बन सकती है सतियारा घाट, राजघाट खाटू घाट, नागझिरी घाटों पर केंद्र बनाए गए हैं इसलिए कर्मचारी अपने ड्यूटी पर उपस्थित रहे वहां सभी स्कूलों एवं धर्मशालाओं का निरीक्षण करें पेयजल लाइट सभी अवस्थाएं करना सुनिश्चित करें।

विगत वर्ष नगर निगम द्वारा इंदौर इच्छापुर हाईवे पर नव निर्मित पुलिया का निर्माण किया गया है जो कृषि उपज मंडी, लोहार मंडी गेट तथा राजपुरा गेट के पास तीन पुलिया का निर्माण किया था वहां पर पुलिया के दोनों ओर दूषित जल जमा हो रहा हैं उस पानी की निकासी के लिए इंजीनियर को निर्देशित किया गया। जिन हितग्राहियों ने नगर निगम से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लिया है और उनके द्वारा मकान का निर्माण नहीं किया गया है उन्हें चिन्हित कर उनसे आवास की राशि वसूल की जाए अन्यथा संपत्ति कुर्की कर कानूनी कार्रवाई करे।

महापौर माधुरी अतुल पटेल ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में एक एक क्षतिग्रस्त भवनों मकानों कॉम्प्लेक्स जो जर्जर स्थिति में हैं उन्हें चिन्हित कर मॉनिटरिंग करे व उन्हें ध्वस्त करने या गिराने की कार्रवाई करें अन्यथा प्रभारी अधिकारी जिम्मेदार रहेंगे अगले समीक्षा बैठक मुझे रिपोर्ट चाहिए। निगम के इंजीनियर को शहरी क्षेत्र में जहां मकान निर्माण किया जा रहा है उन्हें नोटिस दे कि वह अपने मकान का मटेरियल रोड पर ना डालें आपने खाली जगह पर ही डालें अन्यथा निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

शहरी क्षेत्र में सभी श्मशान घाटों पर मूलभूत सुविधाएं का निर्माण करे जैसे शमशान घाट के लिए एप्रोच रोड, टॉयलेट पेयजल पानी, लाइट, वाहन पार्किंग, लोगो को बैठने की आदि व्यवस्थाएं जल्द से जल्द करे।

### एक नजर में

## राष्ट्रीय संत श्री ललित प्रभ महाराज साहब का ईच्छापुर में प्रवेश एवं प्रवचन



**ईच्छापुर।** दिनांक 29/05/2025 को राष्ट्रीय संत शिरोमणि, जन.जन की आस्था का केंद्र, जिनके श्रवण मात्र से ही हमारी जीवन नैया तर जाती है, अमृतवाणी के जादूगर, परम परोपकारी राष्ट्रीय संत श्री ललित प्रभ जी महाराज साहब एवं डॉ.मुनि श्री शांतिप्रिय जी म सा का इच्छापुर में प्रवेश होने जा रहा है। संत श्री का प्रवचन दिनांक 29/05/2025 वार गुरुवार को सहकार मंगल भवन, मुक्ताईनगर रोड, इच्छापुर जिला बुरहानपुर म.प्र. में समय प्रात: 9 से 11.00 तक रखा गया है। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ इच्छापुर के नरेंद्र चोरड़िया, मुकेश बाफ्ना, सुरेंद्र ललवानी द्वारा सभी से निवेदन किया है कि संत श्री काआशीर्वाद लेने एवं अमृतवाणी श्रवण करअपने जीवन को धन्य करने सभी समाज जन अपने परिवार व इष्ट मित्रों सहित अवश्य पधारे।

## महान क्रन्तिकारी एवं प्रखर राष्ट्र भक्त वीर सावरकर की जन्म जयंती मनाई



**बुरहानपुर।** आज दिनांक 28.मई.2025 को अखिल भारत हिन्दू महासभा ब्रह्मपुर जिला इकाई द्वारा महान क्रन्तिकारी एवं प्रखर राष्ट्र भक्त स्वतंत्र वीर एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विनायक दामोदर सावरकर जी की जन्म जयंती श्रद्धा पूर्वक ब्रह्मपुर के गोकुल धाम कॉलोनी मे मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता ओम आज़ाद, संभाग महिला कार्यकारी अध्यक्ष आशा तिवारी, जिलाध्यक्ष आंनद मेहता, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम सिंह, जिला अधिवक्ता शैलेश नींभोरे, युवा जिलाध्यक्ष गोकुल महाजन, महिला जिलाध्यक्ष दीपा अडवाल, युवा जिलाध्यक्ष रीना पाटिल, जिला मिडिया प्रभारी ईशवर मोर, जिला अधिवक्ता जगड़े, महिला जिला उपाध्यक्ष रोशनी, महिला जिला संगठन मंत्री सुजाता, मनीषा, नंदा, काजल, सुनीता, अरुणा, सुषमा, वर्षा, सीमा सहित सेकड़ो हिन्दू महासभाई मौजूद थे। उपरोक्त जानकारी अखिल भारत हिन्दू महासभा ब्रह्मपुर जिलाध्यक्ष आंनद मेहता द्वारा दी गई।

## मंदिरों की रक्षा एवं सुव्यवस्था करना ही हमारा कर्तव्य है : पं. योगेश चतुर्वेदी



**बुरहानपुर।** ग्राम बहादरपुर श्री सकलपंच कुशवाह काछि माली समाज भवन मालिवाड़ा मे नव निर्मित मंदिर मे चल रहीं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा मे आज भगवान महादेव का शिवलिंग, गणेशजी, पार्वती माता, दत्तात्रय महाराज, नंदी महाराज की प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई, तीन दिन मे अनुष्ठान सम्पन्न हुआ जिसमे समिति सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इसी अवसर पर चल रहीं शिवमहापुराण के पंचम दिवस कथा व्यास पंडित योगेश चतुर्वेदी ज्योतिषाचार्य ने मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कहा कि हम सभी सनातनियों का कर्तव्य है की मंदिरो की रक्षा एवं व्यवस्था हम सभी को मिलकर करना चाहिए। क्योकि यही से हमें धर्म की शिक्षा मिलती है एवं धर्म से हम सँस्कारित होते है हमारी सन्तानो को अच्छे संस्कार प्राप्त होते है। इसी के साथ हम सभी को समय निकालकर मंदिर अवश्य जाना चाहिएए चाहे हफ्ते मे एक बार हमारे मोहल्ले या ग्राम के मंदिर मे समस्त ग्रामवासियो या कॉलोनी वासियो के साथ मिलकर सप्ताह मे जाकर आरती, पूजन, भजन, राष्ट्र धर्म की रक्षा आदि के लिए एकत्रित होना चाहिए। जिससे सनातन धर्म मजबूत होने के साथ साथ आपसी रिश्ते मजबूत होंगे एवं जीवन मे नई ऊर्जा का संचार होगा। इस अवसर पर समिति के मुकेश महाजन, राधेश्याम महाजन, दिनेश महाजन, सुरेश सोनी, तेजराज महाजन, प्रभाकर महाजन, धना महाजन, प्रेम महाजन, प्रकाश महाजन सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे

## शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु सड़क किनारे का अतिक्रमण हटाया



**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी सूबेदार नागेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा आज दिनांक 28/05/2025 को पुलिस बल एवं नगर निगम विभाग के साथ शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से सड़क किनारे दुकानों द्वारा किए अतिक्रमण को हटाया गया, उक्त कार्यवाही, जय स्तंभ मंडी चौक, सुभाष चौक, गांधी चौक, फूल चौक कमल चौक, बस स्टेशन, शनवारा रोड तक की गई। साथ ही नो पार्किंग में लगे वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। आमजन एवं व्यापारियों से अपील भी की गई है कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू संचालन हेतु सड़कों पर सामान रख अतिक्रमण न करें पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही में सहयोग प्रदान करें कार्यवाही में यातायात थाना प्रभारी सूबेदार नागेंद्र सिंह ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक संदीप कैथवास, प्रधान आरक्षक नारायण पाटिल, नगर निगम अधिकारी व अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

## आयुष विभाग स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से नागरिकों को कर रहा है लाभान्वित

**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जिले में आयुष विभाग द्वारा निर्धारित कार्ययोजना के तहत सतत् रूप से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से संबंधित क्षेत्र के नागरिकों को घर पहुंच सेवायें दी जा रही है। वहीं आयुष विभाग नागरिकों को एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का भी कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में जिला आयुष अधिकारी डॉण्कविता गढ़वाल के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर इटारिया द्वारा नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन नहालवाड़ी फल्या में किया गया। इस शिविर के माध्यम से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉण्सुखलाल अलावा एवं डॉण् योगेश महाजन ने 73 रोगियों को जांच से लाभान्वित किया। इस दौरान औषधियां भी नि:शुल्क वितरित की गई।